नामांक Roll No.

No. of Questions – 27
No. of Printed Pages – 4

UP-01-Hindi

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा – 2016

कक्षा – 8
हिन्दी

समय : 2.30 घण्टे] [पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं । http://www.rbseonline.com

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या 1 से 6 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर-पुस्तिका में लिखें ।

1. 'अनंत' शब्द का विलोम है –

(अ) ससीम (ब) असीम

(स) नवीन (द) प्रवीण 1

2. बूँद को इन्तजार था

(अ) हवा का (ब) आकाश में जाने का

(स) सूर्य का (द) नदी के जल का 1

3. बाज की वीरता का आगे बढ़कर स्वागत किया था

(अ) साँप ने (ब) आकाश ने

(स) लहरों ने (द) चट्टानों ने 1

4. 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ है –

(अ) तैयार होना (ब) उठ जाना

(स) कमर बाँधना (द) सजना 1

5. कबीर के अनुसार मनुष्य का मन होना चाहिए –

(अ) निर्मल (ब) कठोर

(स) शान्त (द) पवित्र 1

6. 'निर् + वाह' से बना शब्द है –

(अ) निरवाह (ब) निरावाह

(स) निर्वाह (द) निर्वाह 1

7. भारत का सर्वाधिक गरीब जिला जिसमें साइकिल चलाना एक सामाजिक आन्दोलन है । नाम लिखिए । 2

8. फिल्म 'आलम-आरा' की शूटिंग रात में क्यों करनी पड़ती थी ? http://www.rbseonline.com 2

9. 'ओस की बूँद' क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी ? 2

10. झाऊलाल की आर्थिक स्थिति कैसी थी ? 2

11. 'बस की यात्रा' पाठ में लेखक ने वृद्धा किसे कहा ? 2

12. माँ यशोदा ने चोटी बढ़ने का कृष्ण को क्या प्रलोभन दिया ? 2

13. गवरइया ने अपना क्या लक्ष्य बना लिया था ? 2

14. पक्षी और बादलों के सन्देश कौन पढ़ने में सक्षम होते हैं ? 2

15. 'ई' प्रत्यय से दो नये शब्द बनाकर लिखिए । 2

16. 'सूर्य' के चार पर्यायवाची शब्द लिखिए । 2

17. 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता का केन्द्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए । 4

18. कृष्ण-सुदामा की मित्रता को ध्यान में रखते हुए उनकी मित्रता व आज के समय की मित्रता के बारे में आपके विचार लिखिए । 4

19. घरेलू नौकरों को हटाने की बात किन-किन परिस्थितियों में उठ सकती है ? अपने विचार लिखिए । 4

20. मशीन द्वारा बनाई गई वस्तुओं और हाथ द्वारा बनाई गई वस्तुओं में आप क्या अन्तर समझते हैं ? 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए । 4

21. पुरानी मूक फिल्मों में और आज की फिल्मों में आप कौन सी फिल्मों को पसन्द करते हैं ? और क्यों ? तर्क सहित उत्तर लिखिए । http://www.rbseonline.com 4

22. सड़क पर चलते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? 4

23. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2 + 4 = 6

कबीर घास न नींदिए, जो पाऊँ तलि होइ ।
उड़ि पड़ै जब आँखि मैं, खरी दुहेली होइ ।।

जग में बैरी कोइ नहीं, जो मन सीतल होय ।
या आपा को डारि दे, दया करै सब कोय ।।

अथवा

हम दीवानों की क्या हस्ती, हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले,
मस्ती का आलम साथ चला, हम धूल उड़ाते जहाँ चले ।
आए बनकर उल्लास अभी, आँसू बनकर बह चले अभी,
सब कहते ही रह गए, अरे, तुम कैसे आए, कहाँ चले ?

24. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

रामोहन राय की पत्रकारिता का गहरा संबंध उनके सुधारवादी आंदोलनों से था । उनका समन्वयवादी और विश्वजनीन दृष्टिकोण कट्टर वर्ग के लोगों को नापसन्द था और वे उनके बहुत से सुधारों का भी विरोध करते थे । पर उनके बहुत से समर्थकों में टैगोर परिवार था जिसने बाद में बंगाल के पुनर्जागरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई । राममोहन राय दिल्ली-सम्राट की ओर से इंग्लैंड गए और उन्नीसवीं शताब्दी के आरम्भिक वर्षों में ब्रिस्टल में उनकी मृत्यु हो गई ।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । 1

(ब) राजा राममोहन राय की पत्रकारिता का संबंध किससे था ? 1½

(स) कट्टर वर्ग के लोग राजा राममोहन राय का विरोध क्यों करते थे ? 1½

(द) राजा राममोहन राय की मृत्यु कहाँ हुई ? 1

25. स्वयं को प्रशांत जोधपुर निवासी मानते हुए अपने मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई-पत्र लिखिए । 6

अथवा

आप स्वयं को रंजना अजमेर निवासी मानते हुए माँ की बीमारी के कारण उनसे मिलने जाने के लिए दो दिन का अवकाश माँगते हुए अपने प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए । http://www.rbseonline.com

26. आप अपनी किसी यात्रा के खट्टे-मीठे अनुभवों को याद करते हुए संस्मरण लिखिए । (शब्द सीमा – 150 शब्द) 5

27. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए । (शब्द सीमा – 250 शब्द) 8

(अ) टेलिविजन : लाभ और हानियाँ

(ब) विद्यार्थी और अनुशासन

(स) दैनिक जीवन में समाचार-पत्र का महत्त्व

(द) राष्ट्र निर्माण में नारी का योगदान